संक्षिप्त

कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान आज

टोंक। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिये निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा आज वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के अंतर्गत कांग्रेस कार्यालय पर जिला स्तरीय कार्यकर्ता संवाद (बैठक) के पश्चात जिला स्तरीय हस्ताक्षर अभियान का प्रारम्भ किया जायेगा। इस कार्यक्रम में एआईसीसी महासचिव, छत्तीसगढ़ प्रभारी व टोंक विधायक सचिन पायलट मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर जिला संगठन महासचिव दिनेश चौरसिया ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद, पीसीसी सदस्य, जिले के चारों विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी, जिला संगठन प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी, (कांग्रेस संगठन से जुड़े जनप्रतिनिधि, प्रधान, पूर्व प्रधान, पूर्व जिला प्रमुख, नगर परिषद, पालिका के सभापति जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच गण, पाषर्द, विभिन्न संगठन प्रकोष्ठ विभागों के अध्यक्ष सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहेगें।

दौसा में उद्योग प्रदर्शनी 15 से

दौसा। महिला स्वयं सहायता समूहों व उद्यमी महिलाओं की ओर से निर्मित मूल्य संबंधित उत्पादों के प्रदर्शन, विपणन तथा उनकी अलग पहचान स्थापित कराने के लिए 15 से 19 सितम्बर तक यहां बजरंग मैदान में अमृता हाट एवं उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक युगल किशोर मीणा ने बताया कि महिला अधिकारिता विभाग, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र तथा राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस मेले का उद्घाटन 15 सितम्बर को कृषि एवं ठामीण विकास मंत्री किरोडी लाल मीणा करेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में राजस्थान के विभिन्न जिलों से आने वाली महिलाओं द्वारा 50 स्टॉल लगाई जाएगी। विभिन्न उत्पाद जैसे जूट का सामान, लाख की चड़ियां, आर्टिफीशियल ज्वैलरी, लैदर प्रोडक्ट, कशीदाकारी साडियां, मिलेट कुकीज, दरी, आचार इत्यादि की स्टॉल लगाई जाएगी। मेले में प्रतिदिन सायं काल मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

शिक्षा सेवा संस्थान की बैठक

भुसावर/भरतपुर (निस)। निकटवर्ती ठााम सलेमपुर खुर्द की शिक्षा सेवा संस्थान की बैठक हरदेव कटारिया की अध्यक्षता में रविवार को राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित हुई। आयोजित बैठक में शिक्षा सेवा संस्थान के सदस्यों पदाधिकारियों ने शिक्षा सेवा संस्थान की ओर से संचालित गतिविधियों अपने अपने विचार विमर्श करते हुए सुझाव दिए। बैठक के बारे में जानकारी देते अध्यक्ष चंद्र शेखर मीणा मोहन मीणा बलराम जांगिड ने बताया कि शिक्षा सेवा संस्थान सलेमपुर खुर्द के द्वारा एक नि:शुल्क लाइब्रेरी शुरू की जाएगी जिससे जो बच्चे खेलडी मोड लाइब्रेरी में पढने जा रहे है उनको गांव में ही ई पुस्तकालय की सुविधा मिले। इसके अलावा संस्था का रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा जिससे सहयोग करने वाले ऐसे सरकारी कर्मचारी या अन्य किसी करदाता को कर में छूट मिले। उन्होंने बताया कि शिक्षा सेवा संस्थान की ओर गरीब वर्ग के प्रतिभाशाली बच्चों जिनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं हैं उनकी आर्थिक मदद दी जाकर शिक्षा में सहायता की जाएगी।

विकसित राष्ट्र की पंक्ति में भारत को खड़ा करने के लिए हर नागरिक का स्वस्थ होना जरुरी : यादव

अलवर। अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने खिलाड़ियों को संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित राष्ट्रओं की पंक्ति में भारत को खडा करने का संकल्प को पूर्ण करने में देश के हर नागरिक का स्वस्थ होना जरुरी है। जिसके लिए उन्होंने खेलो इंडिया, फिट इंडिया, जो फिट है वह हिट है जैसे न केवल नारे दिए हैं बल्कि इसको धरातल पर मूर्त रूप दिया जा रहा है।

रविवार को केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने अलवर इंदिरा गांधी स्टेडियम और बहरोड के रिवाली शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ ध्वजारोहण कर खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई व मार्च पास्ट की सलामी ली और उसके उपरांत खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी में ई लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। अलवर में कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ पर वन राज्य मंत्री संजय शर्मा भी मौजूद रहे। वहीं भिवाड़ी में कार्यक्रम के दौरान तिजारा विधायक महंत योगी बालक नाथ पूर्व विधायक मामन सिंह सहित भाजपा नेता व अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने हिन्दी दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर मेडिकल व इंजिनियरिंग की पढ़ाई भी हिन्दी भाषा में भी प्रारम्भ की गई है। जिससे ठामीण पृष्ठभूमि के छात्रों को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि कक्षा-कक्ष की औपचारिक शिक्षा पद्दित के साथ-साथ आधुनिक उन्नत तकनीकी को समाहित कर विद्यार्थियों को खेल, प्रयोगशाला व पुस्तकालय से जोड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने अटल टिंकरिंग लेब व ई लाइब्रेरी जैसे नवाचार इनमें से एक उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि जिले के शिक्षा अधिकारी रूचि के साथ इन नावाचारो को जिले में आगे बढ़ाने का कार्य करें। हर आयुवर्ग के लोगों को जिनमें खासतौर पर युवाओं को न केवल खेल मैदान से जोडने के लिए बल्कि

अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

- केंद्रीय मंत्री ने रविवार को अलवर और बहरोड में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा भिवाड़ी में ई लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।

प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढने के अवसर प्रदान करने हेतु अलवर में अलवर सांसद खेल उत्सव प्रारम्भ किये गए है। जिसमें पूरे अलवर ने उत्साह के साथ भाग लिया, इस वर्ष के खेलों का रजिस्ट्रेशन भारत सरकार के युवा व खेल मंत्रालय के पोर्टल पर चल रहे है। उन्होंने कहा की उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ठाष्म अवकाश के समय देश के उत्कृष्ट कोचेज से प्रशिक्षण दिला गया, अबकी बार साईं में प्रशिक्षण दिलाया जावेगा। उन्होंने कहा कि अबकी बार अलवर टाइगर मैराथन अंतरराष्ट्रीय स्तर की होगी, जिसमें देश दुनिया के नामचीन धावक अलवर आएंगे। मंत्री ने भिवाड़ी ई लाइब्रेरी के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस ई लाइब्रेरी में कुल 42 अत्याधुनिक कंप्यूटर लगाए गए हैं। 108 ई गुरुकुल लाइब्रेरी का कार्य प्रगतिशील रूप से चल रहा है, जो प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्थापित किए जा रहे हैं। इन ई लाइब्रेरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को करियर बिल्डिंग, नई तकनीकों की ट्रेनिंग, विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन सहित कई डिजिटल कोर्सेज उपलब्ध कराए जाएंगे। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल सबसे अच्छा साधन है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ अनुशासन भी सिखाते है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने जिले में खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक सौगाते दी है। जिसमें इंदिरा गांधी स्टेडियम में 7 करोड रुपए की लागत से एथलेटिक्स का सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कार्य होगा, हॉकी का हॉस्टल न केवल अलवर यथावत रखवाया बल्कि 10 करोड रुपए की लागत से बनने वाले हॉकी के सिंथेटिक खेल मैदान एस्ट्रोटर्फ की भी स्वीकृति दिलाई है। मंत्री ने 17 सितंबर से प्रारम्भ हो रहें सेवा पखवाड़े में प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक स्तर पर एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की तथा युवाओं को इंटरनेट के सदुपयोग करने का संदेश भी दिया। इस दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 33 टीमें भाग ले रही है जिसमें 17 वर्ष आयुवर्ग में 14 टीमें व 19 बर्ष आयुवर्ग में 19 टीमें भाग ले रही है। जिसमें 364 खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि 69 वीं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आज द्वितीय चरण प्रारम्भ हुआ है जिसमें कबड्डी, हॉकी व टेबल टेनिस की कुल 80 टीमें भाग ले रही है और इनमें करीब 1100 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें हॉकी प्रतियोगिता प्रताप स्कूल में आयोजित हो रही है जिसमें छात्र व छात्राओं की 22 टीमें भाग ले रही है। टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन स्कीम चार स्थित विद्यालय में कराया जा रहा है जिसमें 25 टीमें भाग ले रही है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता,पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, घनश्याम गुर्जर, प्रधान दौलतराम जाटव व बीरमती देवी, जिला शिक्षा अधिकारी महेश मेहता, जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा, पं.जले सिंह नरेश गोयल, राजेंद्र गन्डुरा,इंद्र यादव, इंद्रजीत सिंह पाटा, जीतेन्द्र राठौड, सतीश यादव, सुमन चौधरी,अरुण जैन, रामवतार चौधरी, प्रेम पटेल, राजेंद्र सैनी, अमित गोयल, जितेंद्र शर्मा, विवेक प्रधान,सहित प्रबुद्ध नागरिक एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

भामाशाह राम बाबू सैनी को याद किया

शाहपुरा। शाहपुरा के वार्ड नंबर 5 में स्थित मालियों की ढाणी में भामाशाह समाजसेवी स्वर्गीय गुरूजी राम बाबू सैनी की पुण्यतिथि पर सत्संग भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नवरंग म्युजिक एण्ड फिल्म्स के गायक व लेखक लाल चन्द नवरंग ने गुरूजी रामबाबू जी की तत्काल कविता बनाकर सुनाई तो उपस्थित श्रोता भावुक हो गए और उनकी भी अंखियां भर आई। गायक लाल चन्द नवरंग ने श्रीराम जी सैनी थारी पल पल याद सतावे छै छोड गए

- नवरंग म्युजिक एण्ड फिल्म्स के गायक कलाकारों ने दी प्रस्तुति

मझधार बीच में अखियां भर भर आवे छै, गुरूजी कर गए नाम अमर व जीण माता का बहुत ही बेहतरीन भजन सुनाकर श्रोताओं मंत्र मुग्ध कर दिया। विराटनगर से आये पंडित मोजीराम के शिष्य गायक संतोष कुमार सैनी ने अखियां तरस गई रामबाबू जी तेरे दिदार के लिए... सुनाकर श्रोताओं को भावुक कर दिया।

हास्य कवि व गायक कलाकार विनोद कुमार शर्मा ने दहेज प्रथा पर हास्य कविता सुनाई तो उपस्थित श्रोता हंसी से लोटपोट हो गये। गायक कलाकार लोकेश नवरंग ने आज सभा में लाज बचाले मोहन मुरली वाले, सतगुरु दर्शन देता जाज्यों जी का बहुत ही बेहतरीन भजन सुनाया। नगारा वादक दिलीप नवरंग, ओरगन प्लेयर उमाशंकर सहित अन्य कलाकारों ने बारी बारी से भजनों की प्रस्तुति देकर सबको रिझाया। सुबह 4 बजे आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया

इस मौके पर एडवोकेट मुकेश कुमार सैनी, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउण्डेशन भारत सरकार नई दिल्ली के, राजस्थान प्रदेश के वरिष्ठ कार्य वाहक प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार सैनी विराटनगर, जय फूले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष साधुराम सैनी, पत्रकार विजयपाल सैनी, दिनेश कुमार सैनी, रविश, देवेन्द्र, लक्ष्मण झाला सहित सैकडों लोग मौजूद थे।

सार-समाचार

ग्रामों को जेडीए में शामिल नहीं करने की मांग उठाई

शाहपुरा। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) द्वारा जयपुर शहर की 100 किलोमीटर परिधि में आने वाले राजस्व ग्रामों को शामिल करने की कार्यवाही को लेकर शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में गहरा असंतोष पनप रहा है। शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने इस मामले को गंभीर बताते हुए स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा से ग्रामों को जेडीए में शामिल नहीं करने की मांग उठाई है। विधायक यादव ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के कई ठामों को जयपुर विकास प्राधिकरण में सम्मिलित किया जा रहा है, लेकिन इस संबंध में किसी भी जनप्रतिनिधि से राय नहीं ली गई। विधानसभा के तृतीय अंत सत्र में मैंने इस विषय पर प्रश्न क्रमांक 4 के माध्यम से जानकारी मांगी थी, जिसके उत्तर में स्वयं सरकार ने स्वीकार किया कि जनप्रतिनिधियों से कोई राय नहीं ली गई। विधायक यादव ने यह भी याद दिलाया कि विधानसभा के चतुर्थ सत्र में मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सदन में आश्वासन दिया था कि विकास प्राधिकरण और नगर विकास न्यास योजनाएं तैयार करते समय स्थानीय विधायक से विचार-विमर्श कर योजना को जनभावना के अनुरूप बनाया जाएगा। इस आशय के निर्देश भी मंत्री द्वारा 10 सितम्बर 2025 को सभी विकास प्राधिकरणों एवं न्यासों को दिए गए थे। विधायक ने मांग की कि शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के राजस्व ठामों को जेडीए में शामिल नहीं किया जाए तथा इस संबंध में नई समिति गठित कर मंत्री महोदय की अध्यक्षता में बैठक बुलाई जाए। इसमें संबंधित क्षेत्र के विधायकों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाए ताकि आमजन की राय और जनप्रतिनिधियों की भावनाओं को ध्यान में रखकर निर्णय लिया जा सके। विधायक ने साथ ही ये भी बताया कि अगर ठामों को जेडीए में शामिल किया गया तो ग्रामीण विकास प्रभावित होगा और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़गा, क्योंकि में वर्तमान जो गाँव शामिल है उनमें ने आज तक कोई विकास कार्य नहीं करवाया, का ध्यान सिर्फ़ कॉलोनीयो और कॉलोनाइजरो तक सीमित रहता है, का विकास व आमजन से कोई सरोकार नहीं रहता। छोटे-छोटे भूमि संबंधी कार्यों के लिए किसानों को जयपुर के चक्कर लगाने पड़ेंगे, जो काश्तकारो के लिए परेशानी का सबब होगा।

'चिकित्सा कर्मी सजगता से कार्य करें'

करौली। मंडरायल ब्लॉक के चिकित्सा कार्मिकों की एएनएम ट्रेनिंग सेंटर करौली में मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंती लाल मीना एवं डिप्टी सीएमएचओ सतीश मीना एवं महेश कुमार मीना बीसीएमओ मंडरायल के सानिध्य में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बीसीएमओ महेश कुमार मीना ने बताया कि बैठक में सीएमएचओ जयंती लाल मीना ने सभी चिकित्सा कार्मिकों को अपने परिक्षेत्र में मौसमी बीमारियों का सर्वे ,एनसीडी सर्वे करने,हाईरिस्क प्रेग्नेंसी के प्रति सजग रहने,परिक्षेत्र में दिव्यांग जनो के यूडीआईडी कार्ड सर्वे करने सहित सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए, एंटी लार्वान गतिविधि की जाए,समय पर एएनसी रजिस्ट्रेशन,टीकाकरण किया जाना आवश्यक है,सभी चिकित्सा कर्मियों को सजग रहकर कार्य करने के निर्देश दिए , ऑपरेटर, एवं यूनिसेफ से राजकुमारी एवं शाहिद खान ने भाग लिया।

भक्तों ने जीमी प्रसादी

राजगढ़। कस्बे के गंगा बाग स्थित धार्मिक आस्था के केंद्र भजन सत्संग सहित भंडारे का आयोजन हुआ। निर्भय दास जी महाराज की छतरी पर रात्रि को स्थानीय कलाकारों ने एक से बढकर एक रचनाओं से सभी को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। रविवार को दोपहर छतरी पर आरती के पश्चात भंडारे का कार्यक्रम रहा जिसमें राजगढ़ के धर्म प्रेमी बंधुओं द्वारा प्रसाद ग्रहण किया। स्थान से जुड़े राजेश जोशी ने बताया कि पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा, रजनीकांत पटेल पत्रकारों सहित सैकडों श्रद्धालुओं द्वारा ढोक लगाई।

मॉडल स्कूल में जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन

करौली। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आदेशानुसार जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में किया गया। प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग,शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए समुचित अवसर प्रदान करने हेतुविकसित भारत-वर्ष 2047 के भारत की परिकल्पना थीम के आधार पर कला उत्सव का आयोजन मॉडल स्कूल करौली में किया गया।

मीडिया प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि सुबह 9 बजे से रजिस्ट्रेशन आरंभ किये गये 10 बजे मां शारदे के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर पीओ समसा राजकुमार मीणा, प्रधानाचार्य श्याम बिहारी और एमडी भावना ने कार्यक्रम की विधिवत्त शुरुआत की। 12 विधाओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया,विजेता प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डाइट करौली महेश बाबू गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी लोक संस्कृति को समुचित अवसर प्रदान

- लोक संस्कृति को समुचित अवसर प्रदान करने के लिए कलाउत्सव महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है

करने के लिए कलाउत्सव महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है,जो विद्यार्थियों की प्रतिभा को समुचित मंच प्रदान करता है।प्रतियोगिता के दौरान प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर प्राचार्य डाइट महेश बाबू गुप्ता,एमडी भावना,श्याम बिहारी,बृजलाल बैरवा,धर्म सिंह मीणा प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया।संगीत गायन (एकल) में खूश्बू गौड महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ,संगीत गायन समूह में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक-करौली की छात्राये लवली भदोरिया, आरती जाटव,पूजा चंद्रावत, संगीत वादन (तन्त्री/सुषिर,स्वर वाद्य एकल) में पार्थ शुक्ला केंद्रीय विद्यालय करौली,संगीत वादन (ताल वाद्य एकल)में सोनम पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांगल पहाड़ी,नृत्य एकल में भावना पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय विजयपुरा,नृत्य समूह में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली की छात्राएं शिवानी मीना,ख्याति शर्मा,नेहा,आशाबाई मीणा का ठाुप प्रथम स्थान,नाटक में प्रथम स्थान स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली के ठाुप संगीता जाटव, प्रीति जाटव,हर्षिता सेन, सोनिया जोशी,दृश्य कला एकल द्विआयाम में जान्वी सारस्वत केंद्रीय विद्यालय करौली,दृश्य कला एकल त्री- आयाम (मूर्तिकला)में सोनिका मीना पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडाभीम, दृश्य कला समूह द्विआयाम/त्रिआयाम में नरेशी बैरवा, काजल बेरवा पीएम श्री सुजानपुर,कहानी वाचन में अनुष्का परेवा,राधिका जोरवाल स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक टोडाभीम के छात्र विजयी रहे। कला उत्सव के प्रभारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि ये समस्त विजेता छात्र राज्य स्तर पर करौली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्णायक के रूप में कृष्ण बिहारी पाठक, रघुराजसिंह, रामनरेश गुर्जर ने भूमिका निभाई।

स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान 17 से

टोंक। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि स्त्री एवं प्रसूति रोगों को दूर करने के लिए सभी जिला अस्पताल, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों व सीएचसी-पीएचसी पर मेले जैसे स्वास्थ शिविर लगाए जाएंगे। इनमें जहां खास तौर पर न केवल महिलाओं की जांच होगी, बल्कि पूरा फोकस उसके निदान पर रहेगा। अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसलिए इसका नाम स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार दिया है। इसमें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के पोषण माह अभियान को भी शामिल किया गया है, जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। इसमें चिकित्सा विभाग जरूरत के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों का सहयोग भी ले सकेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को सशक्त बनाना है। इस अभियान में एनीमिया, टीबी और सिकल सेल स्क्रीनिंग और जांच-उपचार से लेकर जागरूकता के बताया जायेगा।इसी प्रकार मां योजना के तहत रजिस्ट्रेशन, आयुष्मान कार्ड बनाना, एनसीडी-कैसर स्क्रीनिंग, एमसीपी कार्ड वितरण, प्रसव पूर्व पश्चात देखभाला आयुष सेवाएं स्वास्थ्य टेक स्टार्टअप की सेवाएं उपलब्ध रहेगी।

सभी ट्रेनों के पुनः ठहराव को लेकर रेलमंत्री को सौंपा ज्ञापन

फुलेरा में रेल समस्या को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा।

फुलेरा। दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत की ओर से सभी ट्रेनों में मासिक सीजन टिकट की सुविधा बहाली एवं कोविड पूर्व सभी ट्रेनों का फुलेरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पुनः ठहराव की मांग को लेकर केन्द्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव को ज्ञापन सौंपा गया। एकीकृत अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि फुलेरा व्यापार महासंघ व दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा की ओर से केंद्रीय रेलमंत्री के जयपुर आगमन पर विभिन्न रेल सम्बंधित समस्याओं के समाधान के लिए लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि जिसमें मुख्य रूप से कोविड काल में फुलेरा जंक्शन पर जो ट्रेनों के ठहराव बंद किए गए थे उसमें टीम ट्रेनिंग भी रह गई है, जिनके ठहराव आज तक बंद है। बिलासपुर, राजकोट, नागपुर इन तीनों ट्रेनों के पुनः ठहराव की मांग की गई। ज्ञापन के साथ में रेलवे बोर्ड से प्राप्त पत्र मार्च 2023 में दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत फुलेरा की मांग पर एक पत्र भेजा गया था, जिसमें रेलवे बोर्ड ने मुख्यालय जगतपुरा को अपने हिसाब से सूटेबल ट्रेनों में दैनिक रेल यात्रियों के लिए मंथली सीजन टिकट के लिए कहा गया था उसके पश्चात मुख्यालय ने केवल दो ट्रेनों आगरा फोर्ट ट्रेन जोधपुर इंटरसिटी में मंथली सीजन टिकट की सुविधा पुनः चालू की गई थी।

'ग्रामीण व शहरी शिविरों में स्वास्थ्य, पट्टों आदि के कार्य होंगे'

दौसा। आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत सुविधाओं के माध्यम से लाभान्वित कर सुगम जीवन प्रदान करने के लिए 17 सितम्बर से ग्रामीण एवं शहरी शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि 17 सितंबर से गांवों में शुरु होने वाले अभियान के प्रथम सप्ताह में बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार (17,18,19 एवं 20 सितम्बर) को प्रत्येक दिवस 2 ठााम पंचायतों में ग्रामीण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शेष अभियान के शिविरों का सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को प्रत्येक दिवस 2 ग्राम पंचायतों में आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान राजस्व विभाग की ओर से लंबित फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण करवाना, किसान गिरदावरी एप का प्रचार एवं अधिक से अधिक डाउनलोड करवाना, लंबित नोटिसों की तामील, कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करना, ऑनलाइन पोर्टल पर लंबित नामांतरण प्रकरणों का निस्तारण, शुद्धिकरण के प्रकरणों का निस्तारण, लंबित गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरणों का निस्तारण आदि कार्य किए जाएंगे। इसी प्रकार विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन एवं स्वीकृतियां, स्वास्थ्य शिविर, स्वामित्व योजना के तहत पट्टों के लिए आवेदन, स्वीकृतियां एवं वितरण, दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव के तहत 10 हजार और गांव में बीपीएल परिवारों का सर्वे, बिजली तारों एवं खंभों इत्यादि में सुधार, स्वच्छता एवं पौधारोपण आदि जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि शहरों में 17 सितम्बर से वार्ड वार कैंप लगाकर प्राप्त आवेदनों और समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

इन शिविरों में योजनाओं के आवेदन ऑनलाइन माध्यम से भी स्वीकार किए जाएंगे। जिला कलक्टर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत शहर की संपूर्ण साफ-सफाई और सौंदर्यकरण का कार्य किया जाएगा। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, पार्कों, सामुदायिक केन्द्रों और अन्य सार्वजनिक स्थलों का रख-रखाव एवं सौंदर्यकरण किया जाएगा।

खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

दौसा। राजकीय सीनियर सेकेंडरी विधालय कालोता में रविवार से 69 वीं जिला स्तरीय विधालयी खेलकूद 17 व 19 वर्षीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा नेता जगमोहन मीणा, संयोजक प्रधानाचार्य बतीलाल मीणा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगमोहन मीणा ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहीए। खेल से विधार्थियों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। खेल हमारे तन-मन की शक्ति के साथ-साथ हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाता है और तन-मन से स्वस्थ आत्मविश्वासी व्यक्ति के लिए जीवन में कोई भी कार्य कठिन नहीं है, लेकिन खेल को खेल की तरह खेलना चाहिए।

जीत हो या हार उसे खुले दिल से स्वीकार करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला परिषद सदस्य नीलम गुर्जर ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में बच्चे, जवान, बुर्जुग सभी को खेल खेलने चाहिए, खेलों से हमारे शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती है। शारीरिक रोगों से मुक्ति मिलती है। इसलिए हर व्यक्ति को खेलना चाहिए।

'चयनित गांवों के विकास के लिए गांव में जाकर प्लान तैयार करें'

टोंक। जिला प्रमुख सरोज बसंल द्वारा चलाये जा रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कर्मयोगी आमुखीकरण कार्यशाला का प्रारम्भ जिला प्रमुख ने दीप प्रज्जवलित कर शुभांरभ किया, जो जिला परिषद सभागार टोंक में आयोजित की गई।

इस मौके पर जिला प्रमुख सरोज बसंल ने कहा कि धरती आबा में चयनित ग्रामों के सम्पूर्ण विकास हेतु संबंधित ग्राम में जाकर उनकी आवश्यकतानुसार प्लान तैयार करे, जिससे ग्राम का सम्पूर्ण विकास हो सके। सभी प्रतिभागी कार्यशाला में तीन दिवस तक उपस्थित रहकर अभियान अन्तर्गत बतायी जा रही जानकारियों को ब्लॉक लेवल तथा ग्राम लेवल तक लेकर जावे जिससे कार्य योजना बनाने में आसानी हो।

इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, परशुराम धानका ने बताया कि जिले में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 6 ब्लाको में (टोंक, टोडारायसिंह, पीपलू, देवली, उनियारा, निवाई) इस प्रकार कुल 135 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों का चयन किया गया है। अभियान के तहत इन ग्रामों में सभी विभागों से संबंधित सम्पूर्ण विकास कार्य करवाये जावेंगे। अभियान के तहत जिला स्तर पर पांच आदि कर्मयोगी एवं ब्लॉक स्तर पर 5-5 आदि कर्मयोगी का चयन किया गया है एवं ग्राम स्तर पर आदि साथी एवं आदि सहयोगी का चयन किया गया। जिला स्तरीय आदि कर्मयोगी का राज्य स्तर पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उदयपुर में किया गया है। जिसमें जिला स्तरीय आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण प्राप्त कर ब्लॉक स्तर के आदि कर्मयोगियों को तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित करेंगें।

प्रशिक्षण उपरान्त प्रशिक्षित ब्लॉक स्तरीय आदि कर्मयोगी अपने-अपने ब्लॉक के चयनित ग्रामों में जाकर आदि साथी एवं आदि सहयोगियों को प्रशिक्षित करेगें। जिससे ग्राम विकास योजना तैयार करेगें। ग्राम विकास योजना का 2 अक्टूबर 2025 को आयोजित ग्राम सभा में अनुमोदन करवाकर ग्राम विकास योजना को ब्लॉक स्तर पर भिजवायेगें।

ब्लॉक स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन कर जिला स्तर पर भिजवायेगें जो जिला स्तर जिला कलेक्टर टोंक की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति में अनुमोदन करवाया जाकर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग राजस्थान उदयपुर को भिजवाया जावेगा। कार्यशाला में रामरतन सौकरिया अतिरिक्त जिला कलक्टर टोंक, सरोज मीना उपनिदेशक महिला बाल विकास विभाग टोंक, खुशबू शर्मा परियोजना अधिकारी लेखा जिला परिषद टोंक, डॉ. जितेन्द्र शर्मा अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक , घनश्याम मीना अधिशाषी जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग टोंक, महेन्द्र मीना सहायक विकास अधिकारी प्रभारी धरती आबा जिला परिषद टोंक आदि ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित थे।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कर्मयोगी आमुखीकरण कार्यशाला का प्रारम्भ जिला प्रमुख सरोज बंसल ने किया।

- जिला प्रमुख सरोज बसंल ने कहा कि धरती आबा में चयनित ग्रामों के सम्पूर्ण विकास हेतु संबंधित ग्राम में जाकर उनकी आवश्यकतानुसार प्लान तैयार करे, जिससे ग्राम का सम्प